# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 11.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, आज, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश, राष्ट्रीय सहारा,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 11.03.2025

### 59 कार्यालय जाएंगे एक बिल्डिंग में

**वाराणसी।** वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित की अध्यक्षता में सोमवार को एकीकृत मंडलीय कार्यालय के संबंध में विकास प्राधिकरण के सभागार में बैठक हुई। बैठक में 13 विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया था। अपर सचिव ने अधिकारियों को बताया कि मंडल स्तर के 59 कार्यालयों को एक ही बिल्डिंग में स्थानांतरित किया जाएगा। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 11.03.2025

### असि नदी का जीर्णोद्धार करेगा बीएचयू

**वाराणसी।** असि नदी के जीर्णोद्धार के लिए बीएचयू और सिंचाई विभाग की मदद ली जाएगी। इसके लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। बीएचयू की टीम ने असि नदी के ऐतिहासिक और भौगोलिक पहलुओं पर प्रकाश डाला।

बीएचयू के विशेषज्ञों ने बताया कि असि नदी का उद्‌गम ऋषि दुर्वासा के आश्रम (प्रयागराज) से हुआ है और यह नदी भदोही और मिर्जापुर के कुछ हिस्सों से होते हुए वाराणसी तक आई है। इसमें रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग करके नदी के चैनल को पहचाना गया। बीएचयू ने असि नदी के जीर्णोद्धार के लिए एक विस्तृत रेस्टोरेशन प्लान भी प्रस्तुत किया। इसमें नदी की स्वच्छता, पर्यावरणीय संतुलन और स्थानीय जीवनदायिनी के रूप में नदी की भूमिका को पुनर्स्थापित करने के उपाय शामिल हैं। संवाद

## अमर उजाला–दि0 11.03.2025

### वीडीए ने अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई

**वाराणसी।** वीडीए वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम ने सोमवार को अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। टीम ने वार्ड- शिवपुर के बेनीपुर में अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई की। मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता संजय तिवारी मौजूद रहे। वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें और मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य करें। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 11.03.2025

### तीन पार्कों को होगा सुंदरीकरण

**वाराणसी।** कांशीराम आवासीय योजना के तहत सेंट्रल जेल रोड के पार्कों का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। इसके नए रूप में हरा-भरा वातावरण देखने को मिलेगा। वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर शिवपुर क्षेत्र में स्थित पार्कों को संवारा जा रहा है। इसमें आंबेडकर पार्क फेज-1, ग्रीन पार्क फेज-1, ब्लॉक-5 के सामने स्थित पार्क, पानी टंकी के पास स्थित पार्क में बोरिंग, बाउंड्रीवॉल, प्लास्टर, पाथवे, पेंटिंग सहित अन्य काम कराए जाएंगे। संवाद

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


आज–दि0 11.03.2025

## प्लाटिंग में हुई निर्माण पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर वार्ड शिवपुर मौजा औरा में बिना ले-आउट पास कराये प्लाटिंग हो रही थी। शिकायत के आधार पर क्षेत्रीय अवर अभियंता संबंधित स्थल पर पहुंचकर छानबीन की। शिकायत सही मिलने पर मौके पर पहुंचे जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्र, अवर अभियंता संजय तिवारी, क्षेत्रीय सुपरवाइजर और पुलिस के सहयोग से प्रवर्तनदल ने जेसीबी के माध्यम से प्लाट पर हुए निर्माण का ध्वस्त कर दिया।

आज–दि0 11.03.2025

## असि नदी जीर्णोद्धारपर विप्रामें हुई विशेषज्ञों की बैठक

### ऋषि दुर्वाषा के आश्रम से हुआ इसका उद्‌गम–विशेषज्ञ

असि नदी का उद्‌गम दुर्वाषा ऋषि के आश्रम से हुआ और यह नदी भदोही, मिर्जापुर से होते वाराणसी पहुंची है। यह बात बीएचयू के विशेषज्ञयों ने एतिहासिक और भूगोलिक पहलू पर प्रकाश डालते हुए कहा। असि नदी के जीर्वोद्धार और सफाई को लेकर सोमवार को विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक हुई। बीएचयू के किये गये स्टीम सर्वे में मिले परिणाम के बाद विशेषज्ञयों ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि रिमोट सेंसिंग तकनिकी का उपयोग करते हुए नदी के चैनल को पहचाना गया। सर्वेक्षण में कैचमेंट एरिया, वेटलैंड और वाटर बाडी का भी विशेषज्ञयों ने सुक्ष्यता से विशेषज्ञयों ने आकलन किया। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि जीर्वोद्धार के एक विस्तृत रेस्टूरेसन प्लान भी प्रस्तुत किया। जिसमें नदी के स्वच्छता और पर्यावरण सन्तुलन को जीविज रखते हुए इसे पुन: जीवनदायनिय बनाया जा सकता है। बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। विप्रा उपाध्यक्ष ने कहा कि असि के पूर्णद्धार कार्य के लिए सही दिशा में हम लोग आगे चलते हुए पर्यावरण और सामाजिक दृष्टिकोण को लाभकारी बनाया जा सकता है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 11.03.2025

# अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने सोमवार को बेनीपुर में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त करा दी। 15 हजार वर्गफुट क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग विकसित करने पर यह कार्रवाई हुई। पुलिस की सहायता से वीडीए टीम ने प्लॉटिंग ध्वस्त की। इस दौरान जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, जेई संजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 11.03.2025

# विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी। वार्ड– शिवपुर के अन्तर्गत अज्ञात के द्वारा मौजा– औरा,बेनीपुर में लगभग 15000.00 वर्गमीटर बीघा में की अवैध



प्लाटिंग बिना ले –आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग विकशित की जा रही थी,उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम–1973 की सुसंगत धारा–27,28 के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, उक्त अवैध प्लाटिंग को आज 10.03.2025 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग ध्वस्त किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा,अवर अभियंता संजय तिवारी प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले–आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 11.03.2025

### कांशीराम आवासीय योजना सेंट्रल जेल रोड सहित अन्य पार्कों का होगा जीर्णोद्धार

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार कांशीराम आवासीय योजना सेंट्रल जेल रोड के पीछे कोईलहवा शिवपुर क्षेत्र में स्थित निम्नलिखित पार्कों का जीर्णोद्धार कार्य आंबेडकर पार्क फेज-01 ग्रीन पार्क फेज-01 ब्लाक-05 के सामने स्थित पार्क पानी टंकी के पास स्थित पार्क इन पार्कों में बोरिंग, बाउंड्रीवॉल, प्लास्टर, पाथवे, पेंटिंग, बेन्चेस और लाइटिंग का नवीनीकरण किया जाएगा। बोरिंग का कार्य पहले ही संचालित हो चुका है। इन कार्यों से पार्कों का सौंदर्य और सुरक्षा बढ़ेगी, जिससे स्थानीय निवासियों को एक बेहतर और अधिक आरामदायक वातावरण मिलेगा। वर्तमान में बोरिंग का कार्य गतिमान है ।

## न्यायाधीश–दि0 11.03.2025

### कांशीराम आवासीय योजना सेंट्रल जेल रोड में पार्कों का निखार



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार कांशीराम आवासीय योजना सेंट्रल जेल रोड के पीछे कोईलहवा शिवपुर क्षेत्र में स्थित निमनलिखित पार्कों का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ है .'आंबेडकर पार्क फेज.01''ग्रीन पार्क फेज.01''ब्लाक.05 के सामने स्थित पार्क''पानी टंकी के पास स्थित पार्क'इन पार्कों में 'बोरिंगए बाउंड्रीवॉलए प्लास्टरए पाथवेए पेंटिंगए बेन्चेस और लाइटिंग' का नवीनीकरण किया जाएगा। बोरिंग का कार्य पहले ही संचालित हो चुका है। इन कार्यों से पार्कों का सौंदर्य और सुरक्षा बढ़ेगीए जिससे स्थानीय निवासियों को एक बेहतर और अधिक आरामदायक वातावरण मिलेगा। 'वर्तमान में बोरिंग का कार्य गतिमान है ।

## न्यायाधीश–दि0 11.03.2025

### वाविप्रा जोन-1 ने की अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही




वाराणसी। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।वार्ड- शिवपुर के अन्तर्गत अज्ञात के द्वारा मौजा-औरा,बेनीपुर में लगभग 15000.00 वर्गमीटर बीघा में की अवैध प्लाटिंग बिना ले -आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग विकशित की जा रही थी,उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा-27,28 के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, उक्त अवैध प्लाटिंग को आज 10.03.2025 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग ध्वस्त किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा,अवर अभियंता संजय तिवारी प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 11.03.2025

### वीडीए में बीएचयू के विशेषज्ञों ने अस्सी के ऐतिहासिक और भौगोलिक पहलुओं पर प्रकाश डाला

**वाराणसी (एसएनबी)।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में अस्सी नदी के जीर्णोद्धार के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बीएचयू और सिंचाई विभाग की टीम ने भाग लिया। बैठक में बीएचयू की टीम ने अस्सी नदी के ऐतिहासिक और भौगोलिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। बीएचयू के विशेषज्ञों ने बताया कि अस्सी नदी का उद्गम ऋषि दुर्वाषा के आश्रम (प्रयागराज) से हुआ है और यह नदी भदोही और मिर्जापुर के कुछ हिस्सों से होते हुए वाराणसी तक पहुंची है। इसके अलावा, बीएचयू द्वारा किए गए एसटीइएम सर्वे के परिणामों को भी साझा किया गया, जिसमें रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग करके नदी के चैनल को पहचाना गया। इस सर्वेक्षण में अस्सी नदी के कैचमेंट एरिया, वेटलैंड और वाटर बॉडी का भी सही-सही आकलन किया गया। बीएचयू ने अस्सी नदी के जीर्णोद्धार के लिए



एक विस्तृत रेस्टोरेशन प्लान भी प्रस्तुत किया, जिसमें नदी की स्वच्छता, पर्यावरणीय संतुलन और स्थानीय जीवनदायिनी के रूप में नदी की भूमिका को पुर्नस्थापित करने के उपाय शामिल हैं। वाराणसी विकास प्राधिकरण की इस बैठक में विभिन्न विभागों और संस्थाओं द्वारा सहयोग की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई, ताकि अस्सी नदी के पुनर्निर्माण कार्य को सही दिशा में आगे बढ़ाया जा सके और यह पर्यावरणीय और सामाजिक दृष्टिकोण से लाभकारी साबित हो।